Class - 6
Subject - HINDI
पाठ – 6 मेरा नाम टेलीफोन

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क. टेलीफोन के आविष्कारक का क्या नाम है?

उत्तर टेलीफोन के आविष्कारक का नाम अलेक्जेण्डर ग्राहम बेल है।

ख. टेलीफोन का जन्म स्थान कहाँ पर है?

उत्तर टेलीफोन का जन्म स्थान स्कॉटलैंड है।

ग. भारत में किस–किस राज्य में टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना की गई थी?

उत्तर भारत में चेन्नई, मुंबई, कराँची और रंगून राज्यों में टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना की गई थी।

घ. टेलीफोन का हिंदी नाम क्या है?

उत्तर टेलीफोन का हिंदी नाम दूरभाष है।

3. लिखित

क. टेलीफोन के आविष्कार की क्या कहानी है?

उत्तर टेलीफोन के आविष्कारक ग्राहम बेल ने कान के पर्दे की तरह दो झिल्लियाँ बनाईं और उनको दो अलग–अलग दो डिब्बों में लगाकर उनमें एक एक तार लगा दी। फिर एक आदमी ने डिब्बे को मुँह पर लगाया और दूसरे ने कान पर लगाकर एक–दूसरे से दूर खड़े हो गए। अब एक आदमी ने डिब्बे में कुछ कहा तो वह दूसरे को सुनाई दिया। इस प्रकार टेलीफोन का जन्म अर्थात् आविष्कार हुआ।

ख. अलेक्जेंडर अर्थात् टेलीफोन के पिता दिन–रात किस चिंता में रहते थे?

उत्तर अलेक्जेंडर अर्थात् टेलीफोन के पिता दिन–रात टेलीफोन के निर्माण की चिंता में रहते थे। वे चाहते थे कि पूरी दुनिया टेलीफोन के बारे में जाने।

ग. अलेक्जेंडर ने वाशिंगटन के किस वैज्ञानिक से अपनी इच्छा प्रकट की?

उत्तर अलेक्जेंडर ने वाशिंगटन के वैज्ञानिक जोसेफ हेनरी से अपनी इच्छा प्रकट की।

घ. पहली बार टेलीफोन को कहाँ पर प्रदर्शनी में रखा गया था?

उत्तर पहली बार टेलीफोन को अमेरिका के फिलाडेल्फिया नगर में होने वाली प्रदर्शनी में रखा गया।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न टेलीफोन भारत में कब आया और ब्रिटिश सरकार ने कहाँ किस कंपनी को लाइसेंस दिए?

उत्तर भारत में टेलीफोन वर्ष 1881 ई0 में आया और ब्रिटिश सरकार ने पहली बार कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, कराँची और रंगून में एक्सचेन्ज खोलने के लिए 'ओरिएंटल टेलीफोन' को लाइसेंस दिया था।